# दिनांक 16.07.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

**बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई तथा निर्देश दिये गये–**

1. जनपद में अधिष्ठापित किये गये कुल गृह संयोजन की समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लक्षित कुल 397952 नग संयोजन के सापेक्ष 391254 की प्रगति पाई गई। जनपद में लक्षित समस्त गृह संयोजन को पूर्ण करने योजना अन्तर्गत समस्त राजस्व ग्रामों को तृप्त करने हेतु निर्देशित किया गया ।

   **(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण/समस्त फर्म)**

2. निर्माणाधीन योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 742 नग योजनाएं हैं। वर्तमान में 75 नग योजनाओं के कार्य पूर्ण कर 217 अनुरक्षण एवं संचालन में हैं। जनपद में कुल 541 नग योजनाएं Singal Village हैं तथा 201 नग योजनाएं Multi Villages हैं। Singal Village योजना को पूर्ण करने हेतु मार्च–2027 तक एवं Multi Villages योजनाओं को जून–2028 तक पूर्ण करना लक्षित है। निर्देशित किया गया कि योजनाओं को समयान्तर्गत पूर्ण कराकर अनुरक्षण एवं संचालन में लाया जायें

   **(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण/समस्त फर्म)**

3. पाईपलाइन डालने हेतु काटी गई समस्त सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

   **(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण/समस्त फर्म)**

4. FTK के माध्यम से की जा रही Testing को तीव्र गति से कराने हेतु निर्देशित किया गया।

   **(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण/डी0पी0एम0यू0)**

निर्देश दिए गए कि योजनाओं की प्रगति बढ़ाते हुए कार्य शीघ्र गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराये जायें तथा शेष मार्ग मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

**कार्यालय जिलाधिकारी जनपद बुलन्दशहर**

**पत्रांक 801 / यो0–21 / 09 दिनांकः 27.07.2026**

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बुलन्दशहर। (उपाध्यक्ष)
4. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, बुलन्दशहर। (सदस्य)
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बुलन्दशहर। (सदस्य सचिव)
6. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, गाजियाबाद।
7. भारत भूषण त्यागी, (नामित सदस्य)।
8. मै0 पॉवरमैक प्रोजेक्ट लि0 एवं भूरतनम कन्सट्रक्शन जेवी, हैदराबाद।
9. मै0 जे0एम0सी0, लि0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
10. मै0 वैलस्पन एण्टरप्राइजेज एण्ड कावेरी इन्फ्रॉ प्रोजेक्ट्स प्रा0लि0, मुम्बई।

**अधिशासी अभियन्ता**
**जल निगम/सचिव**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन**
**बुलन्दशहर।**